ओम शान्ति 17-03-2020 अहमदाबाद

प्यारे बापदादा के अति स्नेही सदा अपनी शुभ वृत्तियों की सूक्ष्म सकाश द्वारा वायुमण्डल को परिवर्तन करने वाले, निमित्त सभी राजयोगी सो प्रयोगी भाई-बहनें

ईश्वरीय मधुर यादप्यार स्वीकार करना जी,

बाद समाचार, समय प्रमाण आप सभी विशेष योग तपस्या कर रहे होंगे। आप सबको अपनी मीठी दादी जानकी जी की तबियत का समाचार तो मिलता ही रहता है। दादी जी का स्वास्थ्य काफी समय से ठीक नहीं है। वे अहमदाबाद के स्टरलिंग अस्पताल के आईसीयू वार्ड में भर्ती हैं, अभी उनकी तबियत काफी नाजुक होती जाती है।

ऐसे समय पर बाबा के सभी बच्चे अपने शुभ वायब्रेशन द्वारा सदा सहयोगी बनते ही हैं। इसलिए खास यह पत्र भेज रहे हैं। निमित्त टीचर्स बहनें विशेष अपने सभी सेवास्थानों पर अखण्ड योग के कार्यक्रम रखकर अपने शक्तिशाली प्रकम्पन्न भेजें ताकि दादी जी स्वस्थ होकर अपने घर मधुबन वापस आ जायें।

देश विदेश में जहाँ सम्भव हो वहाँ पर एक सप्ताह तक अखण्ड योग के कार्यक्रम रखे जायें। विशेष हरेक अलग-अलग समय पर एक या दो घण्टा बैठकर मनसा शुभ संकल्पों द्वारा शक्तिशाली सकाश देने की सेवा करें।

बहुत-बहुत धन्यवाद

ईश्वरीय सेवा में

बीके हंसा